Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 07 नवंबर, 2022

राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस

देश में प्रत्येक वर्ष **7 नवंबर** को **राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस (National Cancer Awareness Day)** मनाया जाता है ताकि जानलेवा बीमारी से लड़ने के लिये शुरुआती कैंसर का पता लगाने की आवश्यकता के बारे में जागरूकता फैलाई जा सके। **मैरी क्यूरी** की जयंती के अवसर पर 7 नवंबर का दिन राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस के रुप में चुना गया था। कैंसर की स्थिति में शरीर की **कोशिकाएँ अनियंत्रित रूप से बढ़ती** हैं। कैंसर भारत सहित दुनिया भर में जीर्ण एवं गैर-संचारी रोगों (Non-Communicable Diseases- NCD) की वजह से होने वाली मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक है। भारत में **राष्ट्रीय औषध मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (National Pharmaceutical Pricing Authority- NPPA)** ने कैंसर की दवाओं को अधिक किफायती बनाने की दिशा में महत्त्वपूर्ण कार्य किया है।

शिशु सुरक्षा दिवस

शिशु सुरक्षा दिवस प्रतिवर्ष **7 नवंबर** को मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का मुख्य **उद्देश्य लोगों में शिशुओं की सुरक्षा के बारे में जागरूकता** बढ़ाना है। **भारत में शिशु मृत्यु दर कई देशों की तुलना में अधिक है,** स्वास्थ्य संबंधी देखभाल की कमी के कारण यह समस्या और भी गंभीर होती जा रही है। विश्व भर में नवजात शिशुओं की उचित सुरक्षा एवं बुनियादी सुविधाओं की कमी के कारण बहुत सारे बच्चों की मृत्यु हो जाती है। विभिन्न देशों की सरकारों ने इस समस्या से निपटने के लिये अनेक योजनाएँ लागू की हैं। **भारत में इसी संदर्भ में शिशु के साथ-साथ माँ के स्वास्थ्य को भी ध्यान में रखते हुए भारत सरकार द्वारा जननी सुरक्षा योजना शुरू की गई है।** साथ ही इससे संबंधित अन्य योजनाएँ भी कार्यान्वित की जा रही हैं, जैसे-**सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन** आदि। इन सभी योजनाओं का मूल **उद्देश्य शिशु-मातृ मृत्यु दर में कमी लाना,** उनके **स्वास्थ्य एवं पोषण में सुधार करना, शिशुओं के लिये नियमित टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध कराना** आदि हैं।

वर्ल्ड ट्रेवल मार्केट प्रदर्शनी

भारत 07 नवंबर, 2022 से **लंदन** में शुरू हो रहे **वर्ल्ड ट्रेवल मार्केट प्रदर्शनी** में भाग लेगा। यह अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सबसे बडी प्रदर्शनियों में से एक है। इस वर्ष **प्रदर्शनी की थीम है- यात्रा का भविष्य अब शुरू होता है।** पर्यटन मंत्रालय के अनुसार, प्रदर्शनी में भारत स्वयं को पर्यटन के लिये पसंदीदा देश के रूप में प्रस्तुत करेगा। तीन दिवसीय इस प्रदर्शनी में भारतीय मंडप में विभिन्न **राज्य सरकारें, कई केंद्रीय मंत्रालय, टूर ऑपरेटर सहित कुल 16 हितधारक भाग ले रहे हैं।** इसका उद्देश्य चिकित्सा यात्रा, सभी सुविधाओं से सुसज्जित रेलगाड़ियों सहित पर्यटन से जुड़ी सेवाओं को अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के समक्ष प्रस्तुत करना है। वर्ष 2019 के दौरान भारत के **सकल घरेलू उत्पाद** में यात्रा और पर्यटन क्षेत्र का योगदान 5.19 प्रतिशत रहा। भारतीय पर्यटन क्षेत्र लगभग **आठ करोड लोगों को रोज़गार के अवसर देता है।** केंद्र एवं राज्य सरकारों के निरंतर प्रयास से पर्यटन उद्योग को **कोविड महामारी** के असर से उबरने में मदद मिली है और यह धीरे-धीरे कोविड पूर्व स्थिति में लौट रहा है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-07-november,-2022